**कक्षा: IV**
**विषय:हिन्दी**
**दिनांक 18-02-2026**

## पुनरावृति कार्यपत्रिका - 6

## उपविषय - वल्लरी पाठ – 15 शायद है

**प्रश्न -1. शब्दों के अर्थ लिखिए :**

**क**. अद्‌भुत - ......................... **ख.** खुश्क - ......................... **ग.** उसाँस भरना - ...........................
**घ .** खूंख्वार - ........................ **ड.** दुरुस्त - ......................... **च.** अस्तबल - ..........................

**प्रश्न 2. किसने कहा ? किससे कहा ? बताइए -**

**क.** "अच्छा नाम है न बापू !"

...........................................................................................................

**ख.** " अरे, एक ही बेटा , वह भी हाथ पाँव तुड़वाकर बिस्तर से जा लगा।

...........................................................................................................

**ग.** "यह तो तुम्हारी खुशकिस्मती है।"

...........................................................................................................

**घ.** "अरे ! आपका ऐसा सुंदर पला-पलाया घोड़ा भाग गया।"

...........................................................................................................

**प्रश्न -3. रिक्त स्थान पूर्ण करो :**

**क.** बहुत पहले ........................... के पास एक गाँव में एक किसान रहता था।
**ख.** किसान सीधा-सादा और ....................... व्यक्ति था।
**ग.** किसान के बेटे को .......................... से बहुत प्यार था।
**घ.** घोड़े का नाम ........................ था।
**ङ.** श्यामकर्ण का अर्थ ............................ वाला होता है।
**च.** श्यामकर्ण के साथ एक ......................... जंगली घोड़ी भी खड़ी थी।
**छ.** सफ़ेद घोड़ी का नाम ........................... रखा गया।
**ज.** हिमानी नाम इसलिए रखा गया क्योंकि वह ......................... जैसी उजली थी।

**प्रश्न -4. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**क.** इस कहानी से किसान के स्वभाव के बारे में क्या पता चलता है?

उत्तर ...........................................................................................................................................................

...........................................................................................................................................................

**ख.** इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर ...........................................................................................................................................................

...........................................................................................................................................................

**ग.** किसान का बेटा घायल कैसे हो गया ?

उत्तर ...........................................................................................................................................................

...........................................................................................................................................................

**प्रश्न 5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

खबर पाकर गाँव-बिरादरी के सब लोग आ जुटे। सबने बारी-बारी से बीमार का हालचाल लिया। फिर सहानुभूत्ति जताते हुए कहा, "अरे, एक ही बेटा, वह भी हाथ-पाँव तुड़वाकर बिस्तर से जा लगा। यह तो बड़े ही दुख को बात है।" "शायद है." किसान ने कहा और हल लेकर उसे दुरुस्त करने लगा। घटना के अगले ही दिन राजा के सिपाही गाँव में आए। उन्होंने गाँव के लोगों से कहा, "पड़ोसी राज्य के खिलाफ एक बड़ा खूंख्वार युद्ध छेड़ा जा चुका है। अतः राजा की फ़ौज में भर्ती करने को स्वस्थ बलशाली नौजवान सिपाहियों की जरूरत है। हम गाँव के सभी स्वस्थ युवकों को रणक्षेत्र के लिए ले जाने आए हैं।" गाँव में बड़ी हाय-तौबा मची पर लोग सर-सीना पीटते रह गए और गाँव के सब स्वस्थ-सबल नौजवान राजा की फ़ौज में शामिल होने के लिए बाहर कर दिए गए। किंतु किसान का बेटा, जो हाथ-पैर तुड़वाकर खाट पर पड़ा था, गाँव में ही छूट गया। राजा के सैनिकों के अनुसार फ़ौज को उस जैसे लँगड़े लूले अपाहिज सैनिकों जरूरत नहीं थी।

क . खबर पाकर गाँव के लोग क्या करने आए?

उत्तर - ..........................................................................................................................।

ख . किसान ने गाँव वालों की बात पर क्या प्रतिक्रिया दी?

उत्तर - ..........................................................................................................................।

ग . सिपाही गाँव क्यों आए थे ?

उत्तर - ..........................................................................................................................।

घ . गाँव में हाय-तौबा क्यों मची थी ?

उत्तर - ..................................................................................................................................।

ङ . किसान का बेटा सेना में क्यों नहीं लिया गया?

उत्तर - ..................................................................................................................................।